पाठ 6

मैं भी करुंगा रक्तदान (संवाद)

मुख से

क) डॉ मिताली ने सुप्रिया को रक्त की जांच करवाने को क्यों कहा?

उत्तर –सुप्रिया को भूख नहीं लगती थी, शरीर थका-थका रहता था, इसलिए डॉक्टर मिताली ने सुप्रिया को रक्त की जांच करवाने को कहा।

ख) शरीर के हर हिस्से में ऑक्सीजन कौन पहुंचाता है?

उत्तर - बिंबाणु शरीर के हर हिस्से में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करते हैं।

ग) हमारे शरीर में सफ़ेद रक्त कणों का क्या काम है?

उत्तर - सफ़ेद रक्त कण रोगों से हमारे शरीर की रक्षा करते हैं। ये रोगाणुओं को शरीर में घर नहीं बनाने देते।

घ) किस उम्र के लोग रक्तदान कर सकते हैं? इसके लिए क्या सावधानी बरतनी चाहिए।

उत्तर –18 से 60 वर्ष तक के लोग रक्तदान कर सकते हैं। इसके लिए एक समय में 300 मि. लीटर रक्त ही लिया जाता है।

ङ) रक्त को कितने वर्गों में बांटा गया है? क्या सभी का रक्त सभी को चढ़ाया जा सकता है?

उत्तर - विशेष गुणों के आधार पर रक्त को 4 वर्गों में बांटा गया है। नहीं जरूरतमंद व्यक्ति के रक्त-समूह की जांच करवाने के बाद उसी रक्त-समूह का रक्त चढ़ाया जाता है।

कलम से

क) एनीमिया किसे कहते हैं और यह बीमारी क्यों होती है?

उत्तर - रक्त में बिंबाणु की कमी को एनीमिया कहते हैं। इसमें शरीर में रक्त कण नहीं बनते। एनीमिया अनेक कारणों से हो सकता है जैसे - पोष्टिक आहार की कमी, पेट में कीड़े होना आदि भी कारण है।

ख) कीड़े किस तरह पेट में पहुंचने हैं? इनसे बचने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

उत्तर - कीड़े प्रायः दूषित जल और खाद्य पदार्थों के साथ शरीर में प्रवेश कर लेते हैं। इनसे बचने के लिए स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए तथा खाने से पूर्व अच्छी तरह से हाथ धोने चाहिए।

ग) पौष्टिक आहार किसे कहते हैं?

उत्तर - हरी सब्ज़ी, फल, दूध, अंडा और गोश्त आदि संतुलित मात्रा में लेना पौष्टिक आहार होता है।

घ) चोट लगने पर बिंबाणु रक्त को किस प्रकार रोकते हैं?

उत्तर - प्लाज़्मा में एक विशेष किस्म का प्रोटीन होता है। जो रक्त वाहिका की कटी-फटी दीवारों में एक जाल- सा बुन लेता है। बिंबाणु इस जाले से चिपक जाते हैं। इससे चोट वाली दरार भर जाती है और रक्त का बहना रुक जाता है।

ङ) रक्तदान करने वाले व्यक्ति का कितना रक्त लिया जाता है तथा उसकी पूर्ति कैसे होती है?

उत्तर - रक्तदान करने वाले व्यक्ति का 300 मि. लीटर रक्त लिया जाता है। हमारा शरीर इसे कुछ ही दिनों में बना लेता है।